दिन–गुरूवार

दिनांक– 12 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने और तकनीक को उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत के युवा नवोन्मेषकों की सराहना की है। माई इंडिया जीओवी पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया ने युवाओं को नवाचार का लाभ उठाने में सक्षम बनाया है। इससे पिछले ग्यारह वर्ष में भारत की स्थिति वैश्विक प्रौद्योगिकी में महाशक्ति के रूप में मजबूत हुई है। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया पहल ने प्रौद्योगिकी के सशक्तिकरण, अंतर को खत्म करने, अवसर उपलब्ध कराने और प्रत्येक नागरिक के लिए शासन को अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाने के उपकरण में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि सेवाओं तक पहुंच और पारदर्शिता को काफी बढ़ावा मिला है। श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी अब निर्धनतम लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का साधन बन गई है। दूरदराज के गांवों में इंटरनेट पहुंच से लेकर वास्तविक समय का डिजिटल भुगतान तक हो रहा है। डिजिटल इंडिया के ग्यारह वर्ष समावेशी विकास, नवाचार और भारत के एक डिजिटल महाशक्ति के रूप में उभरने की कहानी है।

————————————————————————

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है। आज भागलपुर में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह वर्ष पर आधारित फोटो प्रदर्शनी के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि देश आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंचों पर भारत की साख बढ़ी है। आज देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायतीराज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता को डेढ़ गुना तक बढ़ाने की घोषणा की है। श्री कुमार ने कहा कि अब पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यकाल के दौरान सामान्य मौत होने पर भी पांच लाख रूपए अनुग्रह राशि दी जाएगी। पहले सिर्फ आकस्मिक मृत्यु होने पर ही यह प्रावधान था।

आज पटना में पंचायतीराज प्रतिनिधियों के एक शिष्टमंडल से भेंट वार्ता में मुख्यमंत्री ने छह महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत मुखिया अब पांच लाख रूपए की जगह, दस लाख रूपए तक की योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दे सकेंगे। साथ ही अब पंद्रहवें वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से पंचायतीराज संस्थाओं को प्राप्त राशि के उपयोग में तेजी लाने के लिए पंद्रह लाख रूपए तक की योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय तौर पर किया जा सकेगा। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति के आवेदन को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार हो जायेंगे।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। आज राज्य के दक्षिणी हिस्सों में अधिकांश जगहों पर गर्म दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना  नहीं है। वहीं, आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

---

पटना के अटल पथ पर एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मियों को कुचल दिया। इस हादसे में एक महिला पुलिसकर्मी की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक पुलिसकर्मी कोमल कुमारी नालंदा जिले की रहने वाली थीं। पुलिस ने इस मामले में वाहन को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।